दैनिक

आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

E-Mail-parihargarjana@gmail.com

# परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916 सह संपादक - दद्दा ललौनी

वर्ष 13 | अंक 134 | छतरपुर, मंगलवार 10 दिसम्बर 2024 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16

# आपराधिक वारदातों को रोकने जिलेभर में चलाया गया अभियान

## कॉम्बिंग गस्त के दौरान 150 अपराधी पकड़े गये, 400 की हुई जांच




छतरपुर। जिले में बढ़ रही आपराधिक घटनाओं की रोकने की मंशा से अब छतरपुर पुलिस एक्शन मोड में काम कर रही है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में बीती रात जिले भर में कॉम्बिंग गस्त के दौरान पुलिस ने सिर्फ 150 से अधिक अपराधी पकड़े बल्कि 400 के करीब बदमाशों की जांच भी की गई।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक कॉम्बिंग गश्त के दौरान 14 आरोपी अवैध हथियार सहित, 36 स्थाई वारंटी, 41 गिरफ्तार वारंटी, 21 अन्य अपराधी, 3 जुंवारी, अवैध शराब सहित 160 से अधिक आरोपी पकड़े गए हैं। इसके साथ ही 400 से अधिक गुंडा, निगरानी बदमाश, आदतन अपराधी, जेल रिहाई की जांच की गई। कांबिंग गस्त में पुलिस अधीक्षक अगम जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह के अलावा सभी अनुविभागीय पुलिस अधिकारी, थाना एवं चौकी प्रभारी सहित 300 से अधिक पुलिसकर्मी शामिल रहे। अवैध हथियार सहित जो 14 आरोपी गिरफ्तार हुए हैं उनमें नौगांव और भगवां थाना क्षेत्र से 3-3, सिविल लाइन थाना क्षेत्र से 2 आरोपी पकड़े गए हैं। इसी तरह अवैध शराब के 45 मामलों में सिविल लाइन थाना क्षेत्र के 5, नौगांव, हरपालपुर, गढ़ीमलहरा,भगवां, गुलगंज, सटई, मातगुवां, खजुराहो, बमीठा, राजनगर, लवकुशनगर और चंदला के 2-2 आरोपी शामिल हैं। गोयरा पुलिस ने जुआ अधिनियम के तहत 3 आरोपियों को पकड़ा जबकि कोतवाली पुलिस ने 11 वारंटी, मातगुवां और राजनगर में में 6-6 वारंटी, सिविल लाइन, नौगाँव, गौरिहार, बक्सवाहा और सटई में 5-5 वारंटी सहित कुल 36 स्थाई व 41 गिरफ्तारी वारंटी सहित कुल 77 वारंटी गिरफ्तार किए गए। इसके साथ ही 21 फरार अपराधी को भ दबोचा गया है। पुलिस टीमों ने 213 गुंडा लिस्टेड, 117 निगरानी बदमाश, 70 जेल रिहाई सहित 6 जिला बदर आरोपियों की जांच की। कॉम्बिंग गस्त में पूरे जिले में 266 समन और 148 जमानती वारंट तामील कराए गए। जिले के 336 प्रकरणों में 419 आरोपियों के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की गई है। कांबिंग गस्त में जिले के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सार्वजनिक स्थलों बस स्टैंड, चौराहों में भ्रमण करते हुए होटल, ढाबा, धर्मशाला इत्यादि स्थानों की चेकिंग भी की गई। वाहन चालकों को ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से जांच की गई।

## 48 घंटों में पकड़े गए अवैध हथियार रखने वाले 40 बदमाश



जिले को दहलाने वाले प्राचार्य हत्याकांड के बाद से पुलिस द्वारा अवैध हथियारों के प्रदर्शन, इस्तेमाल और विक्रय करने वालों को पकड़ने के लिए अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। अभियान के तहत पिछले 48 घंटों में जिले के भीतर कुल 40 बदमाश पकड़े गए हैं, जिनके विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई हुई है। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने बताया कि यदि किसी स्थान पर कोई व्यक्ति लाइसेंसी हथियार का प्रदर्शन अथवा उससे फायरिंग करते मिला तो उस पर भी सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि ऐसे लोगों के लाइसेंस निरस्त करने का प्रतिवेदन कलेक्टर को भेजा जाएगा।

# बाघ ने हमला कर महिला को बनाया अपना शिकार

## उक्त घटना से मचा हड़कंप



ऋषि मिश्रा

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना टाईगर रिजर्व अन्तर्गत हिनोता बीट में एक बाघ द्वारा हमला करते हुए साठ वर्षीय महिला को अपना शिकार बनाया है, रहवासी क्षेत्र से लगें हुए उक्त टाईगर रिजर्व के जंगल मे महिला का शिकार होने से हड़कंप मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार फुलिया बाई पत्नी मंगू साहू उम्र 65 वर्ष गांव की अन्य पांच महिलाओं के साथ हिनौता रेन्ज के कक्ष क्रमांक 535 क्षेत्र की तरफ चारा काटने गई हुई थी, उसी दौरान बाघ नें हमला कर दिया, तथा बृद्ध महिला को अपना शिकार बना लिए एवं अन्य महिलाए दौड़ती हुई घर हिनौत पंहुची जिन्होने परिजनों को तथा टाईगर रिजर्व के कर्मचारीयों को जानकारी दी। इस संबंध में पन्ना टाईगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ती में बताया कि गाइड अरुण यादव द्वारा लगभग 10.30 बजे यह सूचना प्राप्त हुई कि बीट दक्षिण हिनौता कक्ष क्रमांक 535 में कुछ महिलायें दौड़ती हुई उनकी तरफ आयी और उन्होंने बताया कि बाघ द्वारा एक अन्य महिला को पकड़ लिया गया है, जिनका नाम श्रीमती फुलिया बाई पति मंगू साहू उम्र लगभग 65 वर्ष निवासी हिनौता है। सूचना मिलते ही परिक्षेत्र अधिकारी हिनौता ने हाथियों को मय स्टाफ के साथ घटना स्थल की ओर रवाना किया तथा पुलिस को सूचना दी। मौके पर हाथियों से सर्चिंग कराई गई। पुलिस अधीक्षक पन्ना भी अपने दल के साथ मौके पर पहुंचे। क्षेत्र संचालक पन्ना टाइगर रिजर्व, उप संचालक पन्ना टाइगर रिजर्व एवं वन्यप्राणी स्वास्थ्य अधिकारी की मौजूदगी में मृत महिला के शव को उठाया गया तथा मझगवां चौकी लाया गया। तत्पश्चात् मृतिका का पोस्ट मार्टम पन्ना जिला चिकित्सालय में ला कर कराया गया। तथा शव परिजनों को सौप दिया गया। रहवासी क्षेत्र में घटी उक्त घटना से पूरे क्षेत्र मे हडकंप की स्थिती है एवं लोगो में दहशत का माहोल कायम है।

# नवागत थाना प्रभारी रूपनारायण पटेरिया ने संभाला सटई थाने का पदभार

परिहार गर्जना न्यूज। छतरपुर। पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशानुसार रूपनारायण पटेरिया को सटई थाना की कमान सौंपी गई है। जिस पर तत्परता दिखाते हुये आज ही पदभार संभाल लिया है। उन्होंने बताया कि मेरी पहली प्राथमिकता शहर में साम्प्रदायिक सदभाव एवं शांति व्यवस्था बनाये रखना होगा।साथ ही पेन्डिंग केसों को जल्द से जल्द खत्म करना होगा। साथ ही गुंडो बदमाशों पर नकेल कसना मेरी पहली प्राथमिकता होगी ।



# साइबर अपराधों को लेकर पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

छतरपुर। डिजिटल अरेस्ट एक साइबर अपराध है, जिसमें साइबर अपराधी पीड़ित को वीडियो कॉल के माध्यम से डरा-धमकाकर घर पर ही कैद कर लेते हैं तथा पैसे देने के लिए दबाव बनाते हैं। डिजिटल अरेस्ट में साइबर क्रिमिनल अनजान नंबर से व्हाट्सएप या स्काइप पर कॉल करते हैं और खुद को पुलिस, सीबीआई, नारकोटिक्स, आरबीआई सहित अन्य पुलिस अधिकारी के तौर पर पेश करते हैं, जिससे पीड़ित को लगता है कि पुलिस उससे ऑनलाइन पूछताछ कर रही है। साइबर क्रिमिनल पीड़ित को बताते हैं कि उसका पार्सल में ड्रग्स या आपत्तिजनक सामान मिला है, या इसी तरह की अन्य बातें करते हैं। वे पीड़ित को यह भी बताते हैं कि उसके किसी अपने को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने उक्त एडवाईजरी कर लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

# पीएम श्री कन्या हाई स्कूल की छात्राओं को भवन की समस्या से जूझना पड़ रहा है, 1080 छात्राओं के लिए महज 19 कमरे उपलब्ध



**विनोद कुमार जैन**

परिहार गर्जना न्यूज। बकस्वाहा-वकस्वाहा स्थित पीएम श्री कन्या हाई स्कूल में 1080 छात्राओं के लिए पर्याप्त भवन की कमी एक बड़ी समस्या बन गई है। यह स्कूल कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए है, लेकिन छात्रों के बैठने और पढ़ाई के लिए पर्याप्त कमरे और सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। भवन की स्थिति इतनी खराब है कि विद्यालय में पढ़ाई में लगातार विघ्न उत्पन्न हो रहे हैं।

विद्यालय में कुल 6 से 12वीं तक सात कक्षाओं के लिए 22 सेक्शन बनाए गए हैं, जिनमें विभिन्न कक्षाओं की छात्राओं की संख्या इस प्रकार है:

कक्षा 6: 122 छात्राएं (3 सेक्शन)
कक्षा 7: 133 छात्राएं (3 सेक्शन)
कक्षा 8: 152 छात्राएं (3 सेक्शन)
कक्षा 9: 185 छात्राएं (3 सेक्शन)
कक्षा 10: 187 छात्राएं (2 सेक्शन)
कक्षा 11: 128 छात्राएं (4 सेक्शन)
कक्षा 12: 173 छात्राएं (4 सेक्शन)

इस प्रकार, कुल 1080 छात्राएं विद्यालय में अध्ययनरत हैं, लेकिन कक्षाओं के संचालन के लिए विद्यालय में कुल 26 कमरे हैं, जिनमें से 7 कमरे जर्जर हो चुके हैं और उनका उपयोग नहीं किया जा सकता। इसके चलते केवल 19 कमरे ही पढ़ाई के लिए उपलब्ध हैं, जो कि इतनी बड़ी संख्या में छात्राओं के लिए अपर्याप्त हैं।

यह विद्यालय 100 साल पुरानी बिल्डिंग में स्थित है, और इसके अधिकांश कमरे अब जर्जर हो चुके हैं। बारिश के मौसम में भवनों के गिरने की घटनाएं बढ़ गई हैं, जिससे छात्राओं और शिक्षकों की जान का खतरा है। इस गंभीर स्थिति को ध्यान में रखते हुए वकस्वाहा के तहसीलदार भरत पांडे ने विद्यालय का निरीक्षण किया और 26 में से 7 कमरों को क्षतिग्रस्त घोषित करते हुए इन कमरों में कक्षाएं चलाने पर रोक लगा दी। इसके बाद, विद्यालय में केवल 19 कमरे ही कक्षाओं के संचालन के लिए रह गए हैं।

प्रधानमंत्री श्री योजना के तहत विद्यालय को शामिल किया गया, लेकिन यहां अब तक कोई बड़ी राहत नहीं मिली है। स्कूल में उचित कमरे, प्रयोगशाला, व्यावसायिक शिक्षा कक्ष और कंप्यूटर लैब जैसी सुविधाओं की भारी कमी है, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। कक्षा संचालन के लिए 6 से 12वीं तक के 22 सेक्शन वाले कक्षाओं के लिए कम से कम 3 अतिरिक्त कमरे चाहिए। 9वीं से 12वीं कक्षा के लिए एकीकृत प्रयोगशाला की आवश्यकता है, लेकिन वर्तमान में केवल एक प्रयोगशाला काम कर रही है। हेल्थकेयर और ब्यूटी एंड वेलनेस जैसे दो व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम चल रहे हैं, जिनके लिए दो अतिरिक्त कमरे चाहिए। कक्षा 6 से 8 तक की 407 छात्राओं के लिए एक बड़े हॉल की जरूरत है, ताकि वे एक साथ बैठकर भोजन कर सकें। एक व्यवस्थित ढ्ष्टइ्झ कंप्यूटर लैब की आवश्यकता है, ताकि सभी छात्राओं को कंप्यूटर शिक्षा मिल सके।

अब यह सवाल उठता है कि 1080 छात्राओं के लिए इस गंभीर समस्या का समाधान कब होगा? विद्यालय की नई बिल्डिंग के लिए फंड कब मिलेगा, इस पर सबकी नजरें हैं। यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो छात्राओं का भविष्य अंधेरे में हो सकता है।



***स्थानीय नेताओं और अधिकारियों की प्रतिक्रियाएं***

तहसीलदार भरत पांडे ने कहा कि स्कूल की बिल्डिंग का निरीक्षण किया गया था और जर्जर कमरे देखकर उन्हें कक्षाएं चलाने से रोक दिया गया था। वरिष्ठ अधिकारियों को इस बारे में प्रतिवेदन भेजा गया है। विद्यालय के प्राचार्य अरविंद तिवारी ने कहा कि उन्होंने भवन की कमी का प्रस्ताव बना कर वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा है। जब तक नई बिल्डिंग की स्वीकृति नहीं मिलती, तब तक इस पुराने भवन में कक्षाओं का संचालन करना पड़ेगा। पूर्व विधायक प्रद्युम्न सिंह ने कहा कि बच्चों की पढ़ाई में भवन की कमी आड़े नहीं आने देंगे। वे शिक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री से मिलकर नए भवन के लिए उचित कदम उठाएंगे। वर्तमान विधायक राम सिया भारती ने कहा कि वे मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर भवन की कमी को लेकर सदन में भी यह मुद्दा उठाएंगे और भवन की व्यवस्था के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। नगर पलिका अध्यक्ष श्रीमती किरण सोनी ने कहा कि जब साइकिल वितरण कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने भवन की कमी का मुद्दा उठाया, तो उन्होंने कलेक्टर से मिलने का निर्णय लिया। कलेक्टर श्री पार्थ जैसवाल ने उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। किरण सोनी ने कहा कि नगर परिषद भवन के मुद्दे पर हर संभव मदद करेगी। पी एम श्री कन्या हाई स्कूल, वकस्वाहा की स्थिति बहुत ही चिंताजनक है। 1080 छात्राओं के लिए मात्र 19 कमरे और स्कूल के जर्जर भवन की स्थिति शिक्षा की गुणवत्ता पर गंभीर प्रभाव डाल रही है। यदि इस मामले में समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो इन छात्राओं का भविष्य अंधेरे में पड़ सकता है।

# खेलों से होता है सर्वांगीण विकास - शुक्ला






**प्रकाश मिश्रा /चंद्रभान प्रजापति**

*परिहार गर्जना न्यूज। गौरिहार। दानी एवं पिरामल स्पोर्ट्स फाउंडेशन के द्वारा चलाए जा रहे छलांग प्रोजेक्ट के अंतर्गत खेल मेला का आयोजन ऋषिकुल आश्रम लवकुश नगर की संस्था के द्वारा बीते रोज गौरिहार विकास खंड अंतर्गत शासकीय माध्यमिक विद्यालय किशुनपुर में करवाया गया। प्रधानाध्यापक रामलखन पटेल की अध्यक्षता एवं क्षेत्रीय समन्वयक शुभम् शुक्ला (खेल प्रशिक्षक) के नेतृत्व में शाला परिसर में खो-खो एवं कबड्डी सहित अन्य खेल प्रतियोगिताओं में संस्था के बच्चों ने उत्साहपूर्वक बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।*

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री पटेल ने बच्चों को यह भी बतलाया की यदि आप आज के युग में खेलो के साथ चलते है तो न केवल आपके शरीर का अपितु आपके मस्तिष्क का भी संपूर्ण विकास होगा। उन्होंने एक उदाहरण देते हुए कहा कि और जिस प्रकार से बिहार का एक लड़के ने खेल जगत में जीत हासिल कर सम्मान स्वरूप मैडल व 1करोड़ 10 लाख रूपये की नगद राशि प्राप्त की है,वो भी आप ही लोगो की उम्र का होकर तो हो सकता है कि कल के दिन आप भी इस मंजिल तक पहुंच जाए और अपने विद्यालय के साथ साथ अपने माता पिता का नाम रोशन कर सकें। समाजसेवी डॉ. शिवपूजन अवस्थी ने कहा कि आज के दौर में न जीतना ज़रूरी और न ही हारना ज़रूरी हैं। ये खेल ही लाजवाब है इसे बस खेल भावना से खेलना ज़रूरी हैं।खेल प्रशिक्षक शुभम शुक्ला ने अपने उदबोधन में बच्चों से कहा कि खेल ही ऐसी विधा है जिसके माध्यम से जीवन का सर्वांगीण विकास संभव है। खेल से ही भाईचारा, मित्रता, सहयोग व टीम भावना से मिलकर काम करने की सीख मिलती है। इसके साथ ही परिचय का दायरा बढ़ता है और सम्मान के साथ साथ आर्थिक लाभ भी होता है।

खेल प्रतियोगिताओं के दौरान बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था।शाला परिसर में मौजूद स्थानीय ग्रामीण खेल प्रेमी, अन्य बच्चे व संस्था के स्टाफ ने बीच बीच में प्रतिभागी बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शनों पर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में पूर्व प्रधानाध्याक राम सिंह पटेल,नोडल शिक्षक संजीत कुमार अवस्थी,विद्यालय परिवार केअन्य सदस्यों सहित गांव के प्रतिष्ठित जन और संस्था बच्चे और अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# डी.ए.वी बी.आर पब्लिक स्कूल बीना में कला प्रदर्शनी का आयोजन



परिहार गर्जना न्यूज। बिना/ डीएवी बीआर पब्लिक स्कूल,बीना में माता-पिता और शिक्षक बैठक के अवसर पर एक विशेष कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों और उनके माता-पिता के लिए स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई कला की विभिन्न श्रेणियाँ प्रदर्शित की गईं।

प्रदर्शनी का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार मिश्रा द्वारा किया गया। इस दौरान अभिभावकों की उपस्थिति भी रही। कला शिक्षक शमीम खान के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई कला कृतियों को प्रदर्शनी में सजाया गया। इस प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार की कला प्रदर्शित की गई, जिसमें पोट्रेट आर्ट,फोक आर्ट, जनजातीय कला,लैंडस्केप, पेंसिल आर्ट, चारकोल आर्ट, लिपन आर्ट, वॉल हैंगिंग आर्ट, पेंटिंग,आर्किटेक्चर,और मूर्ति कला शामिल थीं। इन कलाओं को देखकर सभी अभिभावक, छात्र और शिक्षक अभिभूत थे। कला प्रदर्शनी का उद्देश्य बच्चों के कला कौशल को सम्मानित करना और अभिभावकों को उनकी बच्चों की रचनात्मक क्षमताओं से अवगत कराना था। प्रदर्शनी में दिखाए गए कार्यों को देखकर यह स्पष्ट था कि बच्चों में कला के प्रति गहरी रुचि और समर्पण है। इस कार्यक्रम को सभी ने सराहा, और यह स्कूल के बच्चों के कला क्षेत्र में उत्कृष्टता को प्रदर्शित करने का एक शानदार अवसर बना।

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2024- नगर निगम सागर ने शुरू की तैयारियां

## स्वच्छता के लिए नगर निगम का व्यापक अभियान




परिहार गर्जना न्यूज।सागर। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नगर निगम सागर ने अपनी तैयारियों को गति दे दी है। निगम के आयुक्त राजकुमार खत्री के मार्गदर्शन में सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा हैं। इसमें न केवल स्वच्छता से जुड़े बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ किया जा रहा है, बल्कि नागरिकों को इस मुहिम में शामिल करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

नगर निगम ने शहर में विभिन्न क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था की समीक्षा करते हुए नागरिकों से फीडबैक लेना शुरू कर दिया है। इस फीडबैक के आधार पर आवश्यक सुधार किए जा रहे हैं ताकि शहर को स्वच्छता में नए मानदंड स्थापित करने में मदद मिले। अधिकारियों ने जागरूकता अभियानों के माध्यम से यह संदेश फैलाने का काम किया है कि स्वच्छता केवल सरकारी विभाग का नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है।

***अभियान में जनभागीदारी सुनिश्चित करने के प्रयास***

नगर निगम ने नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास शुरू किए हैं। लोगों को जागरूक करने के लिए घर-घर जाकर कचरा प्रबंधन के महत्व को समझाया जा रहा है, जैसे - सूखा और गीला कचरा अलग करने की प्रक्रिया नागरिकों को प्रेरित किया जा रहा है कि वे अपने घरों से निकलने वाले कचरे को सूखा और गीला कचरा अलग-अलग करें और इसे कचरा संग्रहण गाड़ियों में डालें। पुनर्चक्रण और पुन: उपयोग अनुपयोगी सामग्री को पुनर्चक्रण के माध्यम से उपयोगी बनाने के तरीकों पर जोर दिया जा रहा है।

घर में खाद बनाने की प्रक्रिया नागरिकों को सिखाया जा रहा है कि वे गीले कचरे से मटका खाद बनाकर उसे अपने घर के पौधों में उपयोग करें। इससे न केवल कचरे का सही निपटान होगा, बल्कि कचरे का उत्सर्जन भी कम होगा। खुले में कचरा फेंकने पर प्रतिबंध खुले में कचरा फेंकने से बचने और शहर को साफ रखने के लिए विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं।

***स्वच्छता के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी का निर्माण***

नगर निगम द्वारा स्वच्छता के महत्व पर जोर देने के लिए जागरूकता कार्यक्रम किये जा रहे है विभिन्न नागरिक समूहों, स्कूलों, और सामाजिक संगठनों को इस अभियान में शामिल किया जा रहा है ताकि शहर के हर कोने में स्वच्छता का संदेश पहुंच सके।

सफाई कर्मचारियों की कार्यक्षमता बढ़ाने और संसाधनों के उचित उपयोग के लिए उन्हें आधुनिक उपकरण और प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा रहा है। इसके अलावा, नगर निगम ने उन नागरिकों को सम्मानित करने का निर्णय लिया है जो स्वच्छता में विशेष योगदान देंगे। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के माध्यम से न केवल सागर शहर की रैंक सुधारने का प्रयास किया जा रहा है, बल्कि यह शहरवासियों को स्वच्छता के महत्व को समझाने और इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाने का भी एक प्रयास है। स्वच्छ सर्वेक्षण न केवल एक प्रतियोगिता है, बल्कि एक अवसर है कि हर व्यक्ति स्वच्छ और स्वस्थ समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाए।

निगमायुक्त द्वारा भ्रमण कर स्वच्छता के विभिन्न कार्यों का लिया जा रहा जायजा- सागर शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण प्रतियोगिता में अच्छी रैंक दिलाने के लिए निगमायुक्त राजकुमार खत्री द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं तथा सुबह भ्रमण कर शहर की स्वच्छता के लिए किए जा रहे विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया जा रहा है । सोमवार को निगम आयुक्त द्वारा संजय ड्राइव स्थित राम मनोहर लोहिया पार्क में किए जा रहे सौंदर्यीकरण के विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया तथा जालियों की पुताई, पेवर ब्लॉक ठीक करने, पाथवे के टाइल्स ठीक करने, पार्क में स्थित टॉयलेट के सभी कार्यों को ठीक कराने के साथ ही पार्क की साफ-सफाई सफाई कराने के निर्देश दिए ।

# अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शोध छात्रा आकांक्षा नामदेव ने किया शोध पत्र प्रस्तुत




परिहार गर्जना न्यूज।सागर. डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर जीवनपर्यंत शिक्षा विभाग की शोध छात्रा सुश्री आकांक्षा नामदेव ने त्रिभुवन विश्वविद्यालय, काठमांडू, नेपाल में 8-9 दिसंबर को %समावेशी शिक्षा के परिप्रेक्ष्य और क्रियान्वयन॰ मुद्दे, सीखे गए सबक और भविष्य की दिशाएँ% विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में फ्रअंडरस्टैंडिंग द इंक्लूज़न, इन्क्लूजिविटी एंड इन्क्लूसिवनेस॰ थ्रू पॉलिसी डिस्कोर्सफ्र विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया. जिसमें उन्होंने भारत सहित वैश्विक परिदृश्य में 'विकलांगता की अवधारणा की एक ऐतिहासिक और उद्विकासीय पड़ताल करके भारत की शिक्षा नीतियों में उसके प्रभावों पर प्रकाश डाला. सुश्री आकांक्षा को दिव्यांगता के अनुभव विषय पर आयोजित परिचर्चा में विषय विशेषज्ञ के रूप में विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया, जहां उन्होंने अपने शिक्षायी अनुभवों के आधार पर दिव्यांगता से सशक्तिकरण की यात्रा को प्रस्तुत किया. पत्र वाचन के लिए त्रिभुवन विश्वविद्यालय ने यात्रा हेतु आर्थिक सहायता प्रदान की है. सुश्री आकांक्षा नामदेव स्वतंत्रता पश्चात भारत में शिक्षा नीतियों के सामाजिक, राजनैतिक परिप्रेक्ष्य पर अपना शोध कार्य कर रही है.

# बीना विधायक निर्मला सप्रे द्वारा स्वीकृत कार्यों का भूमिपूजन लगातार है जारी

**राजेश बबेले**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/बीना विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हित्रौद, पंचायत छायनकाछी, ग्राम सलिता,ग्राम जुगपुरा और पिपरासर में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन सोमवार कोविधायक निर्मला सप्रे द्वारा किया गया। ग्राम हित्रौद में 65 लाख रुपये की लागत से उप स्वास्थ्य केंद्र और 12.30 लाख रुपये की लागत से सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस उप स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण से क्षेत्रीय स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार होगा, जिससे क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। इसके अतिरिक्त, पंचायत छायनकाछी के ग्राम सलिता में 5 लाख रुपये की लागत से सीसी सड़क और ग्राम जुगपुरा में 5 लाख रुपये की लागत से सीसी सड़क निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन किया गया। बीना विधानसभा क्षेत्र के पिपरासर में 6.65 लाख रुपये की लागत से ग्राम भूट में पुटटूलाल लोधी के घर की ओर सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया गया।



# श्री भक्तमाल कथा को सुनने पहुंचे हजारों श्रद्धालु

## सच्चे मन से पुकार कर देखो भगवान साक्षात सामने होंगे - किशोर दास जू महाराज

गढ़ाकोटा।नगर के सिद्ध क्षेत्र पटेरिया में चल रही पांच दिवसीय भक्तमाल कथा के दूसरे दिन कथा व्यास किशोर दास महाराज ने कहा कि भगवान को सच्चे मन से पुकार कर देखो भी साक्षात सामने होंगे। भगवान एवं भक्ति के बीच मन का संबंध है फिर चाहे कहीं से याद करो वहां भगवान को आना पड़ता है ।भगवान की सच्ची आराधना का महत्व बताया।

जैसे राजा की शोभा मणि, मुकुट ,चंद्रका से होती है यदि उसके मस्तक पर मुकुट विराजमान नहीं है। तो वह मुकुट विहीन माना जाता है ।वेसे ही बिना भक्ति के जीव शून्य माना जाता है । और जिनके अंर्तकण में भक्ति महारानी विराजमान होती है वह वंदनीय पूज्नीय हो जाता है।हम सबको अपना कल्याण करना है तो सच्चे संत सतगुरु से जुड़ जाना चाहिए ।संतों में यदि हमारे प्रीति है तो भगवान स्वयं चलकर आ जाएंगे। भक्तमाल कथा में महंत किशोर दास जू महाराज ने मां कर्मा देवी की कथा सुनाते हुए कहा कि मां कर्मा देवी ने ठाकुर जी की अनन्य भक्त थी उन्होंने अपनी भक्ति के द्वारा भगवान श्री कृष्ण को खिचड़ी खिलाई थी। जगन्नाथ पुरी में आज भी भगवान को सबसे पहले खिचड़ी का भोग लगाया जाता है।



इसके पूर्व प्रथम सत्र में बृजेश जी महाराज की कथा हुई ।कथा सुनने में विधायक गोपाल भार्गव,अभिषेक भार्गव, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी, बसंत यादव, सुरेश कपस्या, राजेंद्र जारौलिया, संजय दुबे, मुन्नालाल साहू, अनिल तिवारी, राजेंद्र यादव,दिनेश लहरिया, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# हम होंगे कामयाब कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को पेनिक बटन व ड्रायविंग लायसेंस की दी जानकारी

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/सागर/ महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में स्थानीय तिलि क्षेत्र स्थित शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय मे सोमवार को महिला एवं बाल विकास विभाग, महिला सुरक्षा शाखा मध्य प्रदेश पुलिस एवं आवाज एवं ज्ञानोदय विद्यालय के संयुक्त तत्त्वधान मे हम होंगे कार्यक्रम के तहत जेंडर आधारित हिंसा व उसके बचाव संबंधित जागरूक किया गया, इस मौके पर विद्यार्थियों को पेनिक बटन व ड्रायविंग लायसेंस की दी जानकारी दी गई। आवाज संस्था की जिला कोआर्डिनेटर मालती पटेल ने जेंडर आधारित हिंसा,बाल दुर्व्यब्हार संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि हिंसा सहें नहीं बल्कि उसका डटकर मुकाबला करे, अपने साथ घटित होने किसी भी प्रकार की हिंसा को अपने दोस्तों, परिजनों व शिक्षकों को जरूर बताये। उन्होंने साईवर फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट जैसे अपराधों के बारे मे विद्यार्थियों को जागरूक किया। पुलिस विभाग से आरक्षक सपना मिश्रा ने चायल्ड हेल्प लायन इत्यादि के बारे मे जानकारी देते हुए कहा अगर कभी किसी के भी साथ छेड़खानी हो या कोई समस्या बने तो हेल्प लाईन से पुलिस की मदद जरूर ले।महिला बाल विकास विभाग के वन स्टाप सेंटर की दीप्ति कटारे ने बाल अपराधो व उनसे बचाव संबंधित जानकारी दी। विद्यालय प्राचार्य महेश कुमार सोनी ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा किसी भी छात्र छात्रा के साथ कभी भी कोई भी अप्रिय घटना घटित हो तो उससे डरना नही है घटना के संबंध मे अपने परिवार को बताकर पुलिस की मदद लेकर उससे निजात पाना है। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक संजीव जैन, श्रीकांत पटेल, विनय बंसकार, महिला वालबिकास विभाग की ज्योति पाठक सहित अनेक शिक्षक उपस्थित थे।

# इंसानों में हो संघर्षो से जूझकर मंजिल तक पहुंचने की कला -केके श्रीवास्तव

## संघर्ष पुरूष गंगा प्रसाद बख्शी की पुण्य तिथि मनीं, दी श्रद्धांजलि





**सौरभ खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। संघर्षों से जूझकर मंजिल तक पहुंचने की कला हर इंसान में होना चाहिए। संघर्षों के घबराकर हार मानने वाले इंसान कभी भी उन्नति नहीं कर सकते। संघर्षों के जूझने और लगातार उन्नति के पथ पर अग्रसर रहने की कला मुझे मेरे पिता से विरासत में मिली है। सादगी और प्रेम की मूरत रहे पिता के बताए रास्ते पर चलकर ही आज आप सबका आशीर्वाद मिल रहा है। यह विचार यहां संघर्ष पुरूष स्वर्गीय गंगा प्रसाद बख्शी जी की पुण्य तिथि के अवसर पर उनके पुत्र केके श्रीवास्तव पूर्व विधायक ने व्यक्त किए। स्थानीय शान-ए-पार्क महेन्द्र सागर तालाब पर जाने माने साहित्यकार स्वर्गीय श्री गंगा प्रसाद बख्शी की पुण्य तिथि मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित राम सहाय रावत कुम्हैड़ी ने की। वह पूर्व विधायक केके श्रीवास्तव के कुल गुरू भी हैं। अपने संबोधन में पूर्व विधायक केके श्रीवास्तव ने कहा कि विचार कभी नहीं मरते, वह एक न एक दिन सार्थक जरूर होते हैं। उन्होंने अपने पिता के बताए रास्ते पर चलकर ही नगर पालिका अध्यक्ष एवं विधायक रहते हुए जो शहर और क्षेत्र का विकास किया है, वह आज सभी के सामने हैं। आज क्षेत्र को नीरा नदी के अभाव के कारण संकट से जूझना पड़ रहा है। चंदेल कालीन तालाबों की दुर्दशा ने किसानों की दशा को खराब किया है। अलग-अलग विचारों के बाद भी सभी राजनेताओं एवं समाजसेवियों को जल संकट का स्थाई हल खोजने और चंदेली तालाबों की दशा सुधारने के लिए एक साथ आगे आना होगा। पर्यावरण संकट से निबटने के लिए भी हम सभी को एक साथ आकर कार्य करने की आवश्यकता है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि वह जल्दी ही नदियों को नीर से भरा रखने एवं तालाबों की मरम्मत किए जाने के लिए संघर्ष जारी रखेंगे। इसमें सभी का सहयोग जरूरी है। इस अवसर पर पूर्व पार्षद एवं बीजेपी के वरिष्ठ नेता मनोज देवलिया ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए स्वर्गीय श्री बख्शी जी को एक आदर्श शिक्षक एवं सादगी की प्रतिमूर्ति बताया। उन्होंने कहा कि उनके पुत्रों में भी उनकी झलक स्पष्ट दिखाई देती है। संस्कृति, सभ्यता एवं कला के क्षेत्र में उनकी ही भांति उनके पुत्र आज आगे बढ़ रहे हैं। श्री देवलिया ने श्री बख्शी जी के जेष्ठ पुत्र राम कुमार की सादगी और शिव कुमार की कला की भी सराहना की। इसके साथ ही श्री श्रोती जी ने भी स्वर्गीय श्री बख्शी जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप खरे अधिमान्य पत्रकार ने किया। कार्यक्रम के आरंभ में शिव कुमार श्रीवास्तव ने निर्गण भजन सुनाया। उपस्थितजनों ने श्री बख्शी जी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सुनील होंडा, पत्रकार नरेन्द्र अडज़रिया, तारिक खान, बीडी यादव, मेहबूब खान, अरविंद श्रीवास्तव, अब्बास खान, शांतनु बख्शी, चंद्र प्रकाश पटैरिया, कल्लू विश्वकर्मा, रामेश्वर श्रोती, बद्री अग्रवाल, जितू सेन बीज वाले, मनमोहन तिवारी, विनोद पस्तोर, अज्जी मोदी, सुनील जैन, नारायण सिंह, सत्य प्रकाश खरे, भरत लुकमान, आनंद रजक, नसीर, नसीम सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

# महिलाओं के प्रति सोच में बदलाव जरूरी, सम्मान और सुरक्षा पर दिया जोर

## जिला चिकित्सालय टीकमगढ़ में मनाया गया हम होंगे कामयाब पखवाड़ा



परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। जिला चिकित्सालय टीकमगढ़ ने डॉ अमित शुक्ला के मार्गदर्शन में हम होंगे कामयाब पखवाड़ा को मनाया गया। मध्य प्रदेश में हम होंगे कामयाब पखवाड़ा की शुरुआत की गई है, जो 25 नवंबर से 10 दिसंबर 2024 तक चलेगा। इसी परिपेक्ष्य में जिला चिकित्सालय टीकमगढ़ में आज जिस दिन प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत दूर सुर से गर्भवती महिलाएं जांच के लिए कैम्प में आती है, उन्हें हम होंगे कामयाब पखवाड़े में शामिल कर विभिन्न विषयों पर जानकारी दी गयी। इस पखवाड़े के महत्व को बताते हुए अस्पताल प्रबन्धक डॉ अंकुर साहू ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण और लैंगिक समानता को बढ़ावा देना है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बेटा और बेटी के बीच भेदभाव को समाप्त करना, समाज और परिवार में महिलाओं के खिलाफ हो रहे शोषण को रोकना है। महिलाओं का सम्मान केवल सरकार या पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज के हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। इसलिए पखवाड़ा मनाया जा रहा है, ताकि पुरुष अपनी सोच और व्यवहार में बदलाव लाकर समाज में फैले नकारात्मक दृष्टिकोण को चुनौती दे सके। इसके लिए जन्म से ही अपने घर में लडक़ों को सिखाना होगा कि वह हर बेटी और महिलाओं का सम्मान करें। उनके साथ किसी तरह के शारीरिक शोषण या हिंसा न हो। परिवार और समाज में समानता का माहौल बनाकर बेटे-बेटी के बीच भेदभाव समाप्त करें। यदि किसी महिला को किसी प्रकार की सहायता की जरुरत हो, वह तुरंत चाइल्ड लाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181 या फि र डायल 100 पर संपर्क करके मदद ले सकती है। इसी के साथ ही प्रधानमंत्री सुरक्षित अभियान अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ रेखा बड़गिया, डॉ प्रियंका ओझा एवं डॉ विशाखा द्वारा की गई। गर्भवती महिलाओं को स्वल्पाहार में पोहा, गुड़ के लड्डू, एवं केले का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ डीएस भदौरिया, डॉ मेघा खरे, डॉ विनय सोनी, प्रेमा अहिरवार, अंशुल मिश्रा, नर्सिंग स्टाफ शिरोमणि, तबस्सुम खान, सावित्री अहिरवार, सद्दाम खान सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

# महिलाओं पर अत्याचार करने में नहीं, उनकी रक्षा में है असली मर्दानगी

## टीकमगढ़ नजरबाग में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे के मार्गदर्शन में बीते रोज 08 दिसम्बर 2024 को महिला थाना पुलिस द्वारा टीकमगढ़ नजरबाग में महिला सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम किया, जिसमें आमजन, महिलाओं को उनके अधिकार, कानूनों से अवगत कराया, महिलाओं को जिम्मेदार मर्दानगी विषय पर बताते हुए कहा गया महिला सुरक्षा हेतु हमें अपने घर से शुरुआत कर अपने घर के पुरुषों, बच्चों को समझाए कि पुरूषों की असली मर्दानगी महिलाओं की छेड़-छाड़, अत्याचार करने में नहीं वल्कि उनकी रक्षा, इफाजत करने में होती हैं साथ ही महिला हेल्प लाइन नम्बर 1030, पुलिस सहायता केंद्र के नंबर भी दिए गए। महिलाओं को महिला सुरक्षा कार्ड भी वितरित किए गए। बच्चों को गुड टच बैड टच के बारे में बताया गया । टीकमगढ़ पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान के कार्यक्रम लगातार जारी रहेंगे।



# पल्स पोलियों अभियान अंतर्गत प्रथम दिवस बूथ कबरेज 80 प्रतिशत रहा

## द्वितीय एवं तृतीय दिवस घर-घर जाकर पिलाई जा रही पोलियो दवा



परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रदेश के 16 जिलो में दिनांक 8 से 10 दिसम्बर तक पल्स पोलियों अभियान (एनआईएनडी) चलाया जा रहा है। कलेक्टर अवधेश शर्मा के निर्देशन डॉ शोभाराम रोशन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा टीकमगढ़ विकास खण्ड के पोलियों बूथ अस्पताल चौराहा, मंगल भवन, आंगनबाड़ी केंद्र हरिजन बस्ती, आंगनबाड़ी केंद्र खुशीपुरा, आंगनबाड़ी केंद्र, हनुमान सागर एवं अस्थाई मुहल्ला हनुमान सागर ग्राम महाराजपुरा का भ्रमण कर अभियान का जायजा लिया गया एवं उपस्थित बच्चों को स्वयं दवा भी पिलाई गई। टीम का मार्गदर्शन करते हुए बूथ कबरेज बढ़ाने के निर्देश दिए गए। डीएचओ डॉ पीके माहौर ने विकासखण्ड निवाड़ी, जिला क्षय अधिकारी डॉ राहुल गुप्ता ने विकास खण्ड पृथ्वीपुर, जिला मलेरिया अधिकारी एचएम रावत ने विकास खण्ड वल्देवगढ़ तथा डॉ सिद्वार्थ रावत शहरी क्षेत्र टीकमगढ़ ने विकास खण्ड में अभियान की जिला स्तर से मोनीटरिंग की गई। साथ ही खण्ड चिकित्सा अधिकारी सहित विकास खण्ड स्तर से अधिकारी कर्मचारी क्षेत्र में मोनीटरिंग करते रहे। अभियान के प्रथम दिवस पोलियों बूथ पर 0-5 बर्ष के 80 प्रतिशत बच्चों को बूथ पर पोलियो दवा पिलाई गई। साथ ही आज द्वितीय दिवस टीम द्वारा घर-घर जाकर पोलियों दवा पिलाने का कार्य निरंतर कर रही है। सभी जिला एवं विकासखण्ड स्तर से अधिकारी कर्मचारी मोनिटरिंग कर घर घर भ्रमण कर अभियान का ले रहे जायजा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शोभाराम रोशन के मार्गदर्शन में सायंकाल अधिकारियों से बैठक कर अभियान के सम्बन्ध में जानकारी शेयर कर फ ील्ड में पाई जाने बाली कमियों को दूर कर अभियान अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण पोलियो दवा पिलाकर अभियान को शत-प्रतिशत सफ ल बनाने के लिये निर्देशित किया।

# रेल्वे ठेकेदार द्वारा अवैध रूप से क्रेशर लगाकर सकरिया बहेरा मे किया जा रहा अवैध उत्खनन

## हीरा धारित पत्थर का लगाया डंप विधायक नें कलेक्टर को पत्र लिखकर नीलामी कराने की उठाई मांग




**ऋषि मिश्रा**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिला मुख्यालय से लगभग पन्द्रह किलो मीटर दूर सकरिया बहेरा के पास हीरा धारित पत्थर का पहाड़ अवैध रूप से तथा कथित रेल्वे के ठेकेदार द्वारा लगा रखा है, जिसके संबंध में उनके पास न कोई स्वीकृति है और न ही खनिज विभाग मे रायल्टी जमा की गई है। इस प्रकार अवैध उत्खनन का कारोबार पूरे जिले में चरमसीमा पर चल रहा है, तथा उक्त संबंध में जिले के प्रशासनिक अधिकारियों को भी जानकारी है, लेकिन है, उसके बावजूद संबंधितो पर कोई कार्यवाही नहीं हो रहीं है। जिससे संबंधित अवैध खनिज माफियाओं को होसले बुलंद है। अवैध रूप से उत्खनन किये गये सकरिया बहेरा के हीरा धारित पत्थर के संबंध में क्षेत्रीय विधायक राजेश वर्मा नें भी आपत्ति जताते हुए कलेक्टर सुरेश कुमार को 26 नवम्बर 2024 को पत्र लिखकर संबंधित हीरा धारित पत्थर (चाल) की नीलामी कराये जाने की मांग की है। जिससे उक्त चाल की नीलामी होने के बाद मिलने वाले राजस्व का फायदा मध्य प्रदेश शासन को होगा। ग्राम बहेरा के पास तो लाखों घन मीटर पत्थर व हीरा चाल के पहाड़ जैसे डंप लगा लिए हैं। इसके साथ ही अवैध क्रेशर प्लांट भी लगा दिया गया है। जबकि खनिज विभाग व पर्यावरण से इसकी कोई स्वीकृति नहीं है। सूचनाओं शिकायतों और समाचारों का दौर लगातार जारी है, लेकिन राजनीतिक संरक्षण के चलते अभी तक संबंधित अधिकारी कार्यवाही करने की हिम्मत नहीं जुटा सके। हाईवे से लगे क्षेत्र में अवैध क्रेशर में प्रतिदिन सैकड़ो डंपर गिट्टी तोड़ी जाएगी लेकिन स्वीकृति नहीं होने से शासन को प्रतिदिन लाखों रुपए के राजस्व की क्षति पहुंचेगी। पन्ना टाइगर रिजर्व के बफर जोन से लगे क्षेत्र में इस प्रकार पर्यावरण और खनिज विभाग की बिना अनुमति के अवैध डंप और अवैध क्रेशर से जहरीली डस्ट फैलेगी जिससे लोगों में खतरनाक बीमारियों का खतरा बढ़ेगा, लेकिन इसे जिम्मेदार अनदेखा कर रहे हैं। अंधाधुंध तरीके से अवैध रेत, पत्थर, मुरम व हीरा उत्खनन चल रहा है, जिससे प्रकृति की सुंदरता के लिए पहचाना जाने वाला पन्ना चारों ओर से खोखला हो रहा है।

***इनका कहना है***

हमारे पास डंप एवं क्रेशर की अनुमति है जिसके लिए खनिज विभाग में आवेदन किया गया है आप वहां से पता कर सकते हैं हम आपको अनुमति एवं संबंधित कागजात नहीं दिखा सकते।

***सुनील सिंह संबंधित ठेकेदार***

ग्राम बहेरा के पास डंप एवं अस्थाई क्रेशर के लिए कोई भी अनुमति प्रदान वर्तमान में नहीं की गई है क्रेशर एवं डंप लगाया गया है तो वह अवैध है, क्रेशर के लिए पर्यावरण की भी अनुमति की आवश्यकता होती है। उक्त संबंध में कार्यवाही करेंगें।

***डॉ रवि पटेल खनिज विभाग उपसंचालक***

हमारे द्वारा कलेक्टर को पत्र सौपा गया है जिसमें रेल्वे लाईन निर्माण के दौरान निकाली जा रहीं चाल की नीलामी कराई जायें, तथा उससे शासन के राजस्व मे इजाफा होगा, तथा अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर तत्काल रोक लगाई जाये।

***राजेश वर्मा विधायक गुनौर विधानसभा क्षेत्र पन्ना***

# खजुराहो के मंदिरों एवं खजुराहो के सराउंडिंग्स में, पैदल, बगैर जूते चलने में एक असीम ऊर्जा की अनुभूति होती है- मरिअन्ने बोर्गो

**तुलसीदास सोनी**

परिहार गर्जना न्यूज। खजुरहो। आज KIFF में पधारी, विश्व की मशहूर लोक प्रिय फ्रेंच अभिनेत्री मरिअन्ने बोर्गो जो की आधुनिक एवं प्राचीन परंपराओं की धनी है को मतंगेश्वर सेवा समिति एवं दद्दा जी इंटरनेशनल कल्चर सेंटर के पंडित सुधीर शर्मा ने खजुराहो के मंदिरोंका भ्रमण कराया विदित हो कि शर्मा जो कि KIFF के शुरुआत से फाउंडर टीम के सदस्य रहे है वह इस फेस्टिवल में आने वाले सभी देसी एवं विदेशी कलाकारों को यहाँ के मंदिरों एवं यहाँ की सभ्यता के बारे में जानकारी देते हुए निःशुल्क भ्रमण कराते है उनकी कामना है कि खजुराहो में जल्द से जल्द फ़िल्म सिटी का निर्माण हो जिससे सम्पूर्ण बुंदेलखंड के उभरते हुए कलाकारों को एक नई दिशा मिल सके अभिनेत्री मरिअन्ने बोर्गो ने कहा कि उन्होंने आज अपने जीवन में एक अद्भुत अनुभव का एहसास किया यह दिव्य यात्रा उन्होंने मतंगेश्वर मंदिर से आरम्भ की उन्होंने अपनी इच्छा ज़ाहिर की कि वह खजुराहो को उस स्थान पर देखना चाहती है जहाँ पर केवल आध्यात्मिकता से परिपूर्ण व्यक्ति ही पहुंच सकता हो यह स्थल एकांत और ध्यान करने के लिए उपयुक्त है । ब्रह्मा-कुमरीज़ गॉडलीवूड की टीम से आये माधव ने उन्हें त्रिलोखर धाम की पावन धरती का भ्रमण करने का सुझाव दिया। त्रिलोखर धाम वही पावन दिव्य भूमि है जहाँ पर वागेश्वर धाम के परम पूज्य दादा जी को सिद्धि प्राप्त हुई, जो की आज भी धीरेन्द्र शास्त्री जी निभा रहे है। त्रिलोकरधाम पर कुछ समय व्यतीत कर मरिअन्ने ने कहाँ की उन्हें ऐसा निर्मल शांतिमय एवं अद्भुद अनुभव हुआ जो वह कभी शब्दों में बयान नहीं कर सकेंगी। वहाँ की हर सुंदरता को मन में बसाए उन्होंने वहाँ के शिवलिंग, शनि देव की मूर्ति, हनुमान जी की मूर्ति जो की राम जी और लक्ष्मण जी को अपने कंधो पर बिठाए है, वहाँ की झील,वहाँ की बत्तखे, हर चीज़ की दिव्यता एवं पावनता की प्रशंसा करी। घंटियों से एवं शंख नाद से अपनी पूजा आरम्भ करने के बाद सभी ने वहाँ कुछ समय ध्यान किया और साथ ही ब्रह्मा कुमरीज़ गॉडलीवूड की टीम की पुष्पलता जी ने उन्हें 18 ज्योतिर्लिंग का रहस्य समझाया एवं %द लाइट% फिल्म के बारे में भी बताया, जिसको सुनकर वह बहुत खुश हुयी एवं उन्होंने अपने दिल से बहुत बहुत शुभकामनाएँ दीं ।



# पवई तहसील की ग्राम पंचायत कल्दा मुख्यालय में दो सो सत्तर विवाह, निकाह का सम्मेलन हुआ संपन्न

पन्ना/जिले की पवई जनपद पंचायत अंतर्गत आदिवासी बाहुल्य ग्राम पंचायत कल्दा में मध्य प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के तहत 270 जोड़ो के सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न हुआ। उक्त सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पवई विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रहलाद लोधी उपस्थित रहें। इस दौरान विधायक श्री लोधी ने विवाह मे बंधे सभी जोड़ो को आशीर्वाद दिया तथा मध्य प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रहीं महत्वाकांक्षी योजना को बहुत ही सराहनीय कदम बताया, उन्होने कहा कि बेटी के विवाह का खर्च हमारी सरकार उठा रहीं है, इसके लिए किसी को भी चिंतित होने की जरूरत नहीं है, सरकार द्वारा विवाह मे होने वाले खर्च एवं सामग्री सरकार दे रहीं है। तत्पश्चात् जनपद अध्यक्ष श्रीमती मोहनी आनंद मिश्रा एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीना राजे ने भी सरकार की विभिन्न प्रकार की योजनाओं का बखान किया तथा विवाह सम्मेलन के माध्यम से परिणय सूत्र में बंधे सभी जोड़ो को शुभ कामनाए दी। उक्त कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष सुखदेव सिंह, मोहन्द्रा एवं पवई मंडल अध्यक्ष जिला पंचायत के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अशोक चतुर्वेदी, एसडीएम पवई समीक्षा जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पवई अखिलेश चौबे, संजय सिंह परिहार, तहसीलदार प्रीति पंथी, नायब तहसीलदार राजेश श्रीवास्तव कल्दा तहसीलदार पंकज गौतम इंजीनियर रवि त्रिपाठी कल्दा सरपंच शिवकुमार सेन, सचिव अनिल सक्सेना सहित अधिकारी कर्मचारी शामिल रहें। कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम में शामिल हुए लोगो को भोजन नहीं मिलने के कारण भारी विवाद की स्थिती देखी गई तथा अव्यवस्था भी सामने आई।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह सामुहिक कार्यक्रम अमानगंज में आज

**दयाशंकर दीक्षित**



परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/गुनौर जनपद पंचायत अन्तर्गत अमानगंज स्थित कृषी उपज मंडी प्रागंण हिनौती में मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह कार्यक्रम आज दस दिसम्बर को सुबह नौ बजे से आयोजित किये गयें है। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक राजेश वर्मा तथ विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष श्रीमती जलसी बाई उपस्थित रहेगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गुनौर धीरज चौधरी नें कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया है।

# अजयगढ क्षेत्र मे पर्यटन विकास को लेकर अनुविभागीय अधिकारी को क्षेत्रीय विकास संघ संयोजक द्वारा सौपा पत्र

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/अजयगढ़ तहसील में अनेक प्राचीन तथा कलात्मक ऐतिहासिक धरोहर है, इस लिए उक्त पर्यटन क्षेत्रों से क्षेत्र का विकास हो सकता है, जिसको लेकर क्षेत्रीय विकास संघ द्वारा अनुविभागीय अधिकारी अजयगढ़ को ज्ञापन पत्र सौपकर क्षेत्र का विकास कराये जाने की मांग की गई है। सघं के संयोग श्रीराम पाठक नें पत्र में उल्लेख किया कि अजयगढ़ क्षेत्र प्राचीन काल से ही पर्यटन के लिए जाना जाता है, जहां पर ऐतिहासिक तथा प्राचीन धरोहरे मौजूद है, जिनका संरक्षण एवं जीर्णोदान किया जाना अतिआवश्क है। उन्होने बताया कि रंग महल का जीर्णोदार किया जाये, भूतेश्वर गुफा मे सीढी एंव रेलिंग, निर्माण तरौनी दरवाजे की चट्टानों मे निर्मित पाषाण प्रतिमाओ का संरक्षण किया जाये, प्रसिद्ध धर्मिक स्थल देव पर्वत के उपरी शिखर पर बने सीता रसोई नाम से प्रसिद्ध मंदिर के जीर्णोद्वार किया जाये, देव पर्वत मे सीढी निर्माण रोपवे तथा सामुदायिक भवन बनाये जाने एंव धूनी आश्रम खोरा मे संग्रहीत प्राचीन प्रतिमाओ का भी संरक्षण किया जाये एवं वृक्षारोपण कराते हुए सुरक्षा हेतु बाउन्ड्री निर्माण कार्य किया जाये। धर्मिक पर्यटक स्थल के रूप मे विकसित कराने की मॉग की गई है। इसके अलावा अजयगढ नगर मे सरस्वती जी का प्रसिद्ध मंदिर बिहारी जू रामबाग मंदिर महेश्वरी माता मंदिर, लक्ष्मी नारायण मंदिर सिहपुर घाटी मे खदिया सरकार के नाम से प्रसिद्ध हनुमान जी मंदिर तथा अजयगढ़ किला देव पर्वत बरियारपुर का एतिहासिक बाँध खोरा के धूनी आश्रम मे विशाल हनुमान जी की प्रतिमा अन्नपूर्णा देवी जी की प्रतिमा स कई प्राचीन प्रतिमाये एंव मठ मंदिर है यदि इन सभी धर्मिक एंव प्राचीन स्थलो का समुचित विकास संरक्षण जीर्णोद्वार कराया जाय तो अजयगढ तहसील एक अच्छा पर्यटक स्थल साबित हो सकता है। उन्होने क्षेत्रीय विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह, कलेक्टर सुरेश कुमार, एसडीएम अजयगढ़ तहसीलदार सहित जिम्मेवार अधिकारियों से अजयगढ़ के विकास में रूचि लेने तथा सहयोग करने का अनुरोध किया है।



# पन्ना की विदुषी यादव ने खजुराहो फिल्म महोत्सव में अपनी आवाज़ से बिखेरा जादू

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/हीरों की नगरी पन्ना की उभरती हुई गायिका विदुषी यादव ने खजुराहो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2024 के मंच पर अपनी सुरमई प्रस्तुति से सभी का दिल जीत लिया। उनकी दिलकश आवाज़ और मनमोहक अंदाज ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विदुषी की प्रस्तुति को न केवल दर्शकों का प्यार मिला, बल्कि मंच पर मौजूद जानी-मानी हस्तियों और कला प्रेमियों ने भी उनकी प्रतिभा की भरपूर सराहना की। आयोजन में शामिल जानी-मानी हस्तियां खजुराहो फिल्म महोत्सव एक ऐसा मंच है, जो भारतीय कला और संस्कृति को वैश्विक पहचान दिलाता है। इस प्रतिष्ठित आयोजन में देश-विदेश की कई जानी-मानी हस्तियां शामिल हुईं। विदुषी के शानदार प्रदर्शन के बाद महोत्सव के आयोजक श्री राजा बुंदेला जी ने उनकी गायन प्रतिभा को सराहा और उन्हें भारतीय संगीत की धरोहर बताया। उन्होंने कहा, 卐विदुषी जैसे युवा कलाकार भारतीय संगीत के उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक हैं卐 विदुषी ने अपनी सफलता का श्रेय गुरु को दिया इस मौके पर विदुषी ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी संगीत गुरु धनलक्ष्मी शर्मा को दिया, जो निजानंद संगीत विद्यालय से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने कहा, 卐मेरे हर सुर, हर ताल में मेरी गुरु धनलक्ष्मी शर्मा का योगदान है। उन्होंने मुझे संगीत की बारीकियों से अवगत कराया और मुझे इस काबिल बनाया कि मैं आज यहां खड़ी हूं। उनके आशीर्वाद और मार्गदर्शन के बिना यह सब संभव नहीं था卐 सुर साधना से जिले का नाम करूंगी रोशन अपनी खुशी जाहिर करते हुए विदुषी ने कहा, 卐यह मेरे जीवन का बेहद खास और गर्व का पल है। इस मंच पर प्रदर्शन करना मेरे लिए सपने के सच होने जैसा है। मैं राजा बुंदेला और इस आयोजन से जुड़े सभी लोगों की आभारी हूं, जिन्होंने मुझे यह मौका दिया। यह पल मेरे लिए प्रेरणा है और मैं अपने संगीत से अपने क्षेत्र और देश का नाम रोशन करती रहूंगी卐 विदुषी यादव ने अपने संगीत के माध्यम से न केवल अपने जिले पन्ना का नाम रोशन किया, बल्कि यह साबित किया कि भारतीय संगीत का भविष्य प्रतिभाशाली युवा कलाकारों के हाथों में सुरक्षित है।



# राज्यमंत्री श्री पटेल की अध्यक्षता में रोगी कल्याण स्वास्थ्य समिति की बैठक

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरिया में संपन्न



**राजकुमार दुबे**

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह ़ 09 दिसम्बर। प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल की अध्यक्षता में रोगी कल्याण स्वास्थ्य समिति की बैठक सामुदायिक स्वास्थ केंद्र पथरिया में आयोजित की गई। उक्त बैठक में सीएमएचओ डॉ मुकेश जैन, डीएचओ डॉ रीता चटर्जी, एसडीएम पथरिया निकेत चौरसिया, सीबीएमओ पथरिया डॉ. शशिकांत पटेल, सीबीएमओ बटियागढ़ डॉ श्रवण पटेल एवं पूर्व मंडी अध्यक्ष खरगराम पटेल की उपस्थिति रही।

बैठक मे राज्यमंत्री श्री पटेल द्वारा सीबीएमओ पथरिया डॉ. शशिकान्त पटेल द्वारा स्वास्थ्य सेवा, साफ सफाई, जनकल्याण के हित में निमार्ण कार्य एवं ब्लॅड डोनेशन केम्प की सराहना की गई, साथ ही सीएचसी पथरिया को जल्द ही एक सोनोग्राफी मशीन, मरचूरि भी उपलब्ध कराने कहा गया। राज्यमंत्री श्री पटेल ने सीबीएमओ पथरिया डॉ शशिकान्त पटेल की मांग पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पथरिया को सिविल अस्पताल बनाने एवं अस्पताल मे बोरवेल करवाने व अस्पताल में केंटीन की मांग को सहमति दी। उक्त बैठक में सीएचसी पथरिया में पदस्त डॉ. जतिन दुबे, डॉ. शाहीर शेख, डॉ. अमित जैन, फार्मासिस्ट ओमकार पटैल, बीपीएम लखन गोयल, बीसीएम रत्नेश दुबे, बीईई रजनीश सिंह, लेखपाल सतविंदर मेहरा, फार्मासिस्ट सतीष वर्मा, पथरिया के समस्त अधिकारी/कर्मचारियो की उपस्थिति रही।

# खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा दमोह शहर के चायपत्ती रिपेकर्स का किया गया औचक निरीक्षण

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह ़ 09 दिसम्बर। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत डी.ओ. खाद्य सुरक्षा प्रशासन राकेश अहिरवाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया द्वारा दमोह शहर में चायपत्ती रिपेकर्स का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण कार्यवाही दमोह शहर में बाराद्वारी स्थित कोटवानी टी एंड एग्रो का निरीक्षण करके के टी गोल्ड चायपत्ती, सागर नाका स्थित तिरुपति इंडस्ट्रीज से टीचर पंडित जी ब्रांड चायपत्ती एवं न्यू गल्ला मंडी, सागर रोड स्थित न्यू सिंघई फूड पैकर्स से नीवी ब्रांड चायपत्ती के नमूनें जांच हेतु लिए गए। इन चायपत्ती के नमूनों को गुणवत्ता परीक्षण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान खाद्य परिसर में फ़ूड लाईसेंस की प्रति स्पष्ट रूप से प्रदर्शित पाई गई। कार्यरत कर्मचारियों का वार्षिक मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने एवं कार्यरत कर्मचारियों को एप्रन एवं हेड कवर का इस्तेमाल करने के मौके पर निर्देश दिए गए।

# कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कोचर ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से कहा पात्र मतदाताओं की सूची बीएलओ को उपलब्ध कराई जाये

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह ़ 09 दिसम्बर। निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार 01 जनवरी 2025 की अहर्ता तिथि के आधार पर वर्त्तमान में फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनदीक्षण-2025 के दौरान दावे आपत्तियों को प्राप्त करने की कार्यवाही प्रचलन में है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित वीडियो कांफ्रेंस में निर्देश दिए गए है, कि आगामी 07 दिवसों 09 दिसम्बर 2024 से 15 दिसम्बर 2024 तक जिले की समस्त विधानसभा क्षेत्रों के अंतर्गत शेष रह चुके ऐसे पात्र युवाओं के नाम मतदाता सूची में शत-प्रतिशत् जोड़े जाने की कार्यवाही की जाना है, जिनकी अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के आधार पर 18 वर्ष या उससे अधिक हो चुकी हैं।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने जिले के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव से आग्रह करते हुये कहा है कि 09 दिसम्बर से 15 दिसम्बर 2024 तक विधानसभा क्षेत्र 054-पथरिया, 055-दमोह, 056-जबेरा एवं 057-हटा अंतर्गत आपके द्वारा नियुक्त किये गये बूथ लेवल एजेण्ट (क्क्र) को निर्देशित किया जाये, कि वह मतदान केंद्र के क्षेत्र अंतर्गत ऐसे पात्र मतदाताओं की सूची तैयार कर उस क्षेत्र के बूथ लेवल ऑफिसर (क्क्ह) को उपलब्ध करायें, जिनकी आयु अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 को 18 वर्ष या उससे अधिक हो चुकी हैं एवं उनके नाम मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं हैं, ताकि ऐसे पात्र नवीन युवाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल किये जा सकें।

# जिला मजिस्ट्रेट श्री कोचर ने 02 अपराधियों पर की जिला बदर की कार्यवाही

दमोह 09 दिसम्बर। जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने आपराधिक गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के प्रतिवेदन पर म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 02 अपराधियों पर जिला बदर की कार्यवाही की है।

जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार अनावेदक दिप्पू उर्फ दीपक पिता उत्तम बसोर उम्र 35 वर्ष निवासी वार्ड नं-01 पथरिया थाना पथरिया को दमोह जिले की भौगोलिक सीमाओं से आगामी 09 माह अर्थात 270 दिवस की कालावधि के लिये तथा अनावेदक आशीष पटैल पिता श्यामलाल पटैल निवासी बिछिया कॉलोनी जबेरा थाना जबेरा को दमोह जिले की भौगोलिक सीमाओं से आगामी 06 माह अर्थात 180 दिवस की कालावधि के लिये निष्कासित (जिला बदर) कर दिया है तथा आदेशित किया है कि अनावेदकगण आदेश की प्राप्ति से 24 घंटे के अंदर दमोह जिले की सीमाओं से बाहर चले जायें एवं अपने आचरण में सुधार करें।

जिला बदर की अवधि में अनावेदकों को केवल उनके विरूद्ध चल रहे न्यायालयीन प्रकरणों में पेशी दिनांक को उपस्थिति हेतु छूट रहेगी, परंतु इसके पूर्व अनावेदक संबंधित थाना प्रभारी को लिखित में सूचना देनी होगी तथा न्यायालय में पेशी होने के तुरंत पश्चात वह इस आदेश का पालन सुनिश्चित करेंगे। इस आदेश का उल्लंघन करने पर अनावेदकों के विरूद्ध म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के तहत कार्यवाही की जायेगी। यह आदेश जिला मजिस्ट्रेट के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया है।

# सांसद श्री लोधी ने केंद्रीय रेल मंत्री श्री वैष्णव से की मुलाकात

**दमोह से नागपुर के लिए एक सुपर फास्ट ट्रेन चलाये जाने के लिए किया आग्रह**

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 09 दिसम्बर। सांसद दमोह श्री राहुल सिंह लोधी ने दिल्ली में भारत सरकार के केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव से शिष्टाचार भेंट कर दमोह से



नागपुर तक रेल सुविधा उपलब्ध कराने के संबंध में अवगत कराया एवं कोरोना काल के समय बंद हुई विभिन्न ट्रेनों के स्टापेज के संबंध में आग्रह किया। दमोह संसदीय क्षेत्र को जिला- दमोह, सागर एवं छतरपुर की विधानसभाओं को मिलाकर बनाया गया है जिसमें लगभग 2500 ग्राम सम्मिलित है, इन सभी ग्रामों के लोगों को इलाज कराने के लिए नागपुर जाना पड़ता हैं परन्तु नागपुर जाने के लिए दमोह से एक भी एक्सप्रेस व सुपर फास्ट ट्रेन उपलब्ध नहीं है। सांसद श्री लोधी ने मरीजों के इलाज की सुविधा को एवं अन्य साधारण यात्रियों की यात्रा सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव से दमोह से नागपुर के लिए एक सुपर फास्ट ट्रेन चलाये जाने के लिए आग्रह किया।

# जो व्यक्ति 01 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं, वे अपना नाम वोटर लिस्ट में जुड़वायें -कलेक्टर श्री कोचर

**ऑनलाइन पोर्टल या वोटर हेल्पलाईन एप या फार्म-06 भरकर नाम जुड़वा सकेंगे**

**09 से 15 दिसम्बर 2024 तक जिले के प्रत्येक मतदान केन्द्र पर बीएलओ के द्वारा निर्वाचक नामावली में नाम जोड़ने, हटाने, संशोधन की कार्यवाही की जायेगी**

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित वीडियो कांफ्रेंस में दिये गये निर्देशानुसार 01 जनवरी 2025 की अर्हता तिथि के आधार पर फोटो निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 के दौरान आगामी 07 दिवसों में 09 से 15 दिसम्बर 2024 तक जिले के प्रत्येक मतदान केंद्र पर नियुक्त बीएलओ के द्वारा 18-19 आयु वर्ग के युवा भावी निर्वाचको/छुटे हुए पात्र मतदाताओ के नाम, निर्वाचक नामावली में जोड़े जाने/हटाने/संशोधन हेतु की कार्यवाही संपादित की जा रही है। जिस आधार पर 06 जनवरी 2025 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जावेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने जिले के आम नागरिकों से आग्रह करते हुये कहा है कि आगामी 07 दिवसों में 09 दिसम्बर से 15 दिसम्बर 2024 तक जो व्यक्ति 01 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे है, वे अपना नाम वोटर लिस्ट में जुड़वाने हेतु बी.एल.ओ. के माध्यम से या आयोग द्वारा जारी ऑनलाइन पोर्टल https://voters.eci.gov.in, https://nvsp.in या voterhelpline App (Playstore available) के माध्यम से फार्म नं.-6 भरकर नाम जुड़वा सकते है। जिनके नाम पूर्व से ही सूची में है तथा उनका मतदान केन्द्र या विधानसभा, जिला इत्यादि बदल गया हो, वे भी नवीन स्थल पर नाम जुड़वाने की कार्यवाही कर सकते है।

उन्होंने कहा पुराने स्थान से नाम हटाने हेतु फार्म नं.-7 भरना होगा तथा जिनके नाम मतदाता सूची में पहले से हैं और वो किसी प्रकार का संशोधन करवाने चाहते हैं, तो उसके लिए फॉर्म नं.-8 भरकर संशोधन की कार्यवाही कर सकते हैं। जिन युवा/भावी निर्वाचकों को नाम जुड़वाने/हटाने/संशोधन में कोई समस्या आ रही है, वह जिले में संचालित हैल्प लाईन नंबर- 07812-350300 पर संपर्क स्थापित कर जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। मतदाता सूची को त्रुटि रहित बनवाने में सभी का सहयोग अपेक्षित हैं।

# कलेक्टर श्री कोचर को सूचना प्राप्त होने पर टीम द्वारा होने जा रहे बाल विवाह को रोका गया

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह ़ 09 दिसम्बर। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर को बाल विवाह होने की सूचना प्राप्त होने पर दिये गये निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास के मार्गदर्शन में परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास पथरिया सेक्टर पर्यवेक्षक, पुलिस विभाग से नीतेश जैन एवं अन्य पुलिस बल द्वारा मौके पर देखा कि विवाह की तैयारियां की जा रही थी, परिवार के लोग से बालिका के जन्म तिथि से संबंधित दस्तावेज मांगे गये तो परिवार के सदस्यो द्वारा दस्तावेज न होने की बात कही गई। तदोपरांत स्कूल रिकार्ड के आधार एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आशा कार्यकर्ता के संधारित रिकार्ड का अवलोकन किया गया, बालिका की आयु 18 वर्ष से कम पाई गई। परिवार के उपस्थित सदस्यों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की धाराओं से अवगत कराते हुये समझाइश दी गई। विवाह की तैयारियो को देखते हुये उपस्थित टीम द्वारा निर्णय लिया गया कि बालिका को वन स्टॉप सेन्टर आश्रय गृह दमोह में रखा जाना उचित होगा। शासन निर्देशो के अनुसार बालिका को वन स्टॉप सेन्टर आश्रय गृह में रखा गया।

# सट्टे का कारोबार- किसके संरक्षण में चल रहा है गोविंद नगर क्षेत्र में अवैध कारोबार

## सट्टे के कारोबारी और पुलिस के बीच नाजायज रिश्ता, सटोरीये धड़ल्ले से दे रहे हैं रिसीविंग

आलोक तिवारी

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा सट्टे का कारोबार भले ही गैरकानूनी है लेकिन पुलिस के लिए दुधारू गाय है यह अलग बात है इस अवैध कारोबार से हजारों परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं। सट्टे के अवैध कारोबार में गरीब मजदूर किसान और मेहनत कश बुरी तरह से फंस चुके हैं उन्हें उम्मीद है एक का सौ आज नहीं तो कल जरूर मिलेगा सत्यता यह है अवैध सट्टे के नंबर का कारोबार करने वाले इन्हें बेवकूफ बनाकर दिनों दिन लखपति और करोड़पति होते जा रहे हैं और आज नहीं तो कल हमारा भी नंबर आएगा ऐसे लोग दिनों दिन कंगाल हो रहे हैं यह अवैध कारोबार किसी एक क्षेत्र या चौकी थाना क्षेत्र की समस्या नहीं है यह राष्ट्रव्यापी समस्या है इस अवैध कारोबार को करने वालों को इलाका पुलिस का भरपूर संरक्षण प्राप्त है सट्टे का कारोबार करने वाला व्यक्ति पुलिस थाने और पुलिस चौकियों पर सम्मान प्राप्त कर रहे हैं यह कानून और व्यवस्था के लिए बेहद शर्मनाक बात है।

जानकारी के अनुसार सट्टे का अवैध और गैरकानूनी होने के साथ-साथ एक सामाजिक बुराई भी है जिसकी वजह से तमाम परिवार कंगाली और भुखमरी के कगार पर पहुंच चुके हैं इस कारोबार से जुड़े लोग निर्भय होकर पुलिस का संरक्षण



प्राप्त कर धड़ल्ले से सटे के अवैध कारोबार को संचालित किए हुए हैं वैसे तो यह समस्या नगर और देहात सभी जगह पर खूब फल फूल रही है लेकिन थाना गोविंद नगर क्षेत्र सटोरियाओं का अभ्यारण बनाया बना हुआ है यहां सटोरियों को पुलिस का भय किंचित मात्र को नहीं है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी डीग गेट क्षेत्र में अर्जुनपुर मोहल्ला जहां पर एक मुस्लिम द्वारा सट्टे के काम को खुलेआम किया जाता है इस सटोरिया के यहां से सट्टा लगाने वाले को तारीख लगी मोहर वाली पर्ची यह कहना गलत नहीं है की रिसीविंग दी जाती है। इसके अलावा थाना गोविंद नगर क्षेत्र में मटिया गेट ,नई बस्ती, ठेक नारनौल ,बिरला मंदिर के पास लक्ष्मी नगर, बंगाली कॉलोनी ,गऊ घाट, वृंदावन गेट, राधेश्याम कॉलोनी और सरस्वती कुंड का क्षेत्र सट्टे के कारोबार का पुलिस के संरक्षण के चलते सुरक्षित और संरक्षित स्थान बना हुआ है यहां पर सट्टे का कारोबार खुले आम डंके की चोट पर होता है इसके अलावा ठीक नारनौल और वृंदावन गेट पर हरियाणा की शराब भी शराब तस्करों के द्वारा सुबह से लेकर देर रात तक बेची जाती है राधेश्याम कॉलोनी में प्रतिबंधित भैंस का गोश्त पर्ची के माध्यम से बेचने का अवैध कारोबार खुलेआम चल रहा है इन अवैध कारोबार में लिप्त लोगों को इलाका पुलिस के साथ मटरगश्ती करते हुए भी देखा जा सकता है देखना यह है नवागत थाना प्रभारी निरीक्षक इन गैर कानूनी कार्यों को रोक पाते हैं यह प्रश्न भविष्य के गर्त में है!

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया सीसी सड़क और ईंट खडंजा का लोकार्पण

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा जिला पंचायत अध्यक्ष ने आज लगभग एक करोड़ 15 लाख की लागत से सीसी सड़क, ईंट खडंजा विकास कार्यों का लोकार्पण जिला पंचायत निधि से किया है। इस दौरान उनके साथ जिला पंचायत सदस्य एवं ग्राम प्रधान सहित सम्मानित सरदारी मौजूद रही। इस दौरान लोगों ने उनका स्वागत फूलों के हार एवं नोटों की माला पहनाकर किया।




रविवार को जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने जिला पंचायत निधि से विकास खंड गोवर्धन के ग्राम पंचायत लोरिहापट्टी से नगला जीवन की ओर नवीन सडक निर्माण कार्य एवं ग्राम पंचायत सोंसा में बोरपा झाल से नगला रतू की ओर ईंट खड़ंजा और विकास खंड राया के ग्राम धनिया गढी में राजकुमार के मकान से ओमप्रकाश बाबू के मकान की ओर सीसी निर्माण कार्यों का लोकार्पण नारियल फोड़कर किया। ये विकास कार्य लगभग 1 करोड़ 15 लाख की लागत से कराये गए। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि लम्बे समय से चली आ रही लोगों की दिक्कत के मद्देनजर इसका निर्माण किया है। जिला पंचायत के द्वारा पूरे जनपद में तेजी से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। ग्रामीणों की ओर से जो भी विकास संबंधी प्रस्ताव आ रहे हैं। उन पर सहानुभूति पूर्वक विचार हो रहा है। जरूरी क्षेत्रों में प्राथमिकता के तौर पर कार्य हो रहे हैं। इसमें सड़क के अलावा नाले, नालिया, पुलिया व अन्य तमाम निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकास में बजट की कोई कमी आने आने नहीं दी जाएगी। इस दौरान उनके साथ सदस्य जिला पंचायत सत्यपाल चौधरी एवं प्रदीप, पूर्व प्रमुख विनोद चौधरी, पूर्व चेयरमैन फरह के के पचौरी, बोरपा प्रधान हरदम, सींगापट्टी प्रधान वेद, नैनूपट्टी प्रधान देवेंद्र , सुभाष सोलंकी, बलराम पहलवान, पुष्पेन्द्र मास्टर फोंडर, पार्थ चौधरी, वेदपाल प्रधान आकाश भोहरे प्रधान अध्यक्ष देवेंद्र प्रधान, मेघ श्याम प्रधान, चौहल सिंह प्रधान ग्राम पंचायत सोसा प्रधान रविंद्र मुखिया गोवर्धन एवं सम्मानित सरदारी उपस्थित रहे।

# उप थाना घुवारा पुलिस द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में पहुंचकर बच्चों को कानून पालन एवं अनुशासन की समझाइश दी गई

राजाराम साहू

परिहार गर्जना न्यूज। घुवारा ।। पुलिस अधीक्षक छतरपुर श्री एडम जैन द्वारा सभी थाना एवं चौकी प्रभारी को उनके थाना क्षेत्र में आने वाले शासकीय स्कूलों में जाकर छात्रों के साथ संवाद कर उनको कानून का पालन करने एवं अनुशासन में रहने के संबंध में समझाएं देने हेतु निर्देशित किया गया है इसी तारतम्य में चौकी प्रभारी घुवारा प्रमोद रोहित द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घुवारा में जाकर कक्षा 11 एवं 12 वीं के करीब 500 छात्रों को सोशल मीडिया के दुरुपयोग, ट्रैफिक नियमों के पालन ,ऑनलाइन फ्रॉड की जानकारी दी व अनुशासन में रहकर अध्ययन करने संबंधी समझाएं दी गई एवं किसी भी प्रकार के गैर कानूनी गतिविधि जैसे अवैध हथियारों के साथ फोटो खिंचाना, तेज गाड़ी चलाते हुए वीडियो डालना से दूर रहने एवं गैर कानूनी गतिविधि की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को जानकारी की सूचना तत्काल देने हेतु निर्देशित किया गया ।इस मौके पर उप थाना घुवारा का स्टाफ एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला के समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे ।



# 500 से अधिक मरीजों का हुआ नेत्र परीक्षण 45 मरीजों को ऑपरेशन के लिए भेजा गया चिकित्सालय



राजा खरे

परिहार गर्जना न्यूज। तरीचरकलां। निवाड़ी जिले के नगरीय क्षेत्र तरीचरकलां के निवासी रहे स्वर्गीय श्यामलाल रावत एवं स्वर्गीय शांति देवी की पुण्य स्मृति में पिछले 12 वर्षों से आयोजित हो रहे निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन इस वर्ष भी आज दिनांक 9 दिसंबर को आयोजित किया गया जिसमें सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के चिकित्सकों के द्वारा शिविर में पहुंचे मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया तथा ऑपरेशन वाले मरीजों को ऑपरेशन के लिए सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट भेजा गया। नेत्र प्रशिक्षण शिविर के संयोजक चंद्र प्रकाश रावत ने बताया कि तरीचरकलां नगरीय क्षेत्र में आज निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 500 से अधिक मरीजो की आंखों की जांच की गई तथा 45 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए एंबुलेंस के द्वारा सदगुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट भेजा गया। गौरतलब है कि स्वर्गीय शांति देवी एवं स्वर्गीय श्यामलाल रावत की पुण्य स्मृति में हर वर्ष उनके परिजनों के द्वारा निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाता है जिसमें मरीज की आंखों की जांच निशुल्क होती है तथा ऑपरेशन के लिए भी चिकित्सालय में भेजने एवं वापस लाने की निशुल्क व्यवस्था की जाती है और आज आयोजित हुए नेत्र परीक्षण शिविर में 500 से अधिक मरीजों की आंखों का परीक्षण किया गया तथा 45 मरीजों को ऑपरेशन के लिए सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट भेजा गया। इस अवसर पर डॉ मुकेश खरे संदीप यादव डॉक्टर विजय पांडे सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# युवती से छेड़छाड़ के आरोपी को न्यायालय ने सुनाई दो वर्ष के कारावास की सजा

परिहार गर्जना न्यूज। ओरछा। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ओरछा के द्वारा आज युवती से छेड़छाड़ के मामले में अपना निर्णय सुनाते हुए आरोपी मनीराम कुशवाहा को दोष सिद्ध ठहराते हुए धारा 354 (ए) 354, 506 भाग 2 के तहत दो वर्ष के कारावास एवं 3 हजार रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया गया कि मई 2020 में पीड़िता शाम 7:00 बजे के लगभग अपने घर से निकली थी तभी वहीं पास के कुआं पर रहने वाले मनीराम कुशवाहा ने आकर अभद्र गालियां दी तथा हमारे सीने को दोनों हाथों से पकड़ लिया इसके बाद में चिल्लाई तो मुझे छोडा और हमारे भागने पर हमारे हाथ में काट लिया। पीड़िता के द्वारा उक्त घटना की रिपोर्ट थाना जेरोन में की गई थी जिस पर से आरोपी के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट लिखी गई तथा विवेचना के दौरान आरोपी को गिरफ्तार किया गया था तथा पीड़िता के न्यायालय में भी कथन कराए गए थे। प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था तथा न्यायालय में चली सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से समस्त साक्ष्य प्रस्तुत किए गए जिसके उपरांत न्यायालय द्वारा आरोपी मनीराम को धारा 354 (ए) 354, 506 भाग 2 के तहत दोस सिद्ध पाते हुए दो वर्ष के करावास के साथ 3 हजार रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया गया।

# भाजपा ने संगठन की दृष्टि से जिले में बढ़ाए तीन मंडल

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अखिलेश अयाची में जानकारी देते हुए बताया कि संगठन की दृष्टि से निवाड़ी जिले में तीन मंडल और बढ़ाए गए हैं। श्री आयाची ने बताया कि जिले में पहले सात मंडल थे तथा तीन मंडल और अतिरिक्त बढ़ाने के लिए प्रस्ताव प्रदेश कार्यालय में भेजा गया था जिसको प्रदेश कार्यालय द्वारा स्वीकृत किया गया है और अब निवाड़ी जिले में संगठन की दृष्टि से पहले सात मंडल थे और अब 10 मंडल होंगे। श्री आयाची ने बताया कि निवाड़ी जिले में पहले पृथ्वीपुर नगर जेरोन मोहनगढ़ दिगौड़ा निवाड़ी तरीचर कला ओरछा मंडल थे जिसके बाद अब पृथ्वीपुर ग्रामीण निबाड़ी ग्रामीण एवं नेगुआ नए मंडल गठित किए गए हैं। श्री आयाची ने बताया कि पूर्व में गठित पृथ्वीपुर मंडल में 43 बूथ जेरोन मंडल में 50 बूथ मोहनगढ़ मंडल में 64 बूथ दिगौड़ा मंडल में 50 बूथ निवाड़ी मंडल में 42 बूथ तरीचर कला मंडल में 60 बूथ ओरछा मंडल में 42 बूथ है जबकि नवीन गठित मंडल पृथ्वीपुर ग्रामीण में 40 बूथ निबाड़ी ग्रामीण में 49 बूथ एवं नेगुआ मंडल में 42 बूथ रखे गए हैं।

# जनकल्याण अभियान को विभाग संयुक्त रूप से सफल बनाएं- कलेक्टर

## -कलेक्टर ने धरती आबा अभियान में पात्रता पर्ची एवं जाति प्रमाण पत्र से वंचित की जानकारी दर्ज कराएं
## -आयुष्मान कार्ड बनाने में कम प्रगति पर हरपालपुर सीएमओ की वेतन रोकने के निर्देश



छतरपुर। कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में सोमवार को छतरपुर जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, एडीएम मिलिन्द नागदेवे, सहायक कलेक्टर काजोल सिंह, डिप्टी कलेक्टर जीएस पटेल, एसडीएम, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के सीएमओ सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री जैसवाल ने 11 दिसंबर 2024 से 26 जनवरी 2025 तक चलने वाले मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान एवं 26 दिसम्बर तक चलने वाले जनकल्याण पर्व के तहत तैयारियों की समीक्षा करते हुए शासन के निर्देशानुसार सभी विभागों संयुक्त रूप से अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सम्पर्क दल, शिविर प्रभारी अपने लेवल पर गठित करलें और सहभागिता के साथ शिकायतों का निराकरण करते जाएं एवं रजिस्टर के माध्यम से सभी आवेदकों को पंजीबद्ध कर प्रतिदिवस पोर्टल पर दर्ज करें। साथ ही वार्ड स्तर पर कैंप लगवाए और सर्वे दल में किसान मित्रों, बिजली लाइनमैन, पीएचई के कर्मचारियों को भी अभियान में शामिल करें। इस अभियान की सफलता की कुंजी है कि आवेदकों की अभियान में एण्ट्री बराबर होती रहे और सभी विभागों की सेवाएं आवेदकों को मिलें। साथ ही अभियान में 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति को सैचुरेशन पर ले जाएं।

कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की प्रगति की समीक्षा करते हुए जनपद नौगांव, बिजावर, छतरपुर एवं महाराजपुर में कम प्रगति पर कड़े शब्दों में नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रगति को बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही हरपालपुर सीएमओ की बहुत कम प्रगति होने पर दिसम्बर माह के वेतन रोकने के कोषालय अधिकारी को निर्देश दिए। साथ ही समग्र ई केवायसी में लक्ष्य के विरूद्ध प्रगति होने पर अप्रसन्नता व्यक्त की और प्रगति बढ़ाने के लिए निर्देशित किया।

कलेक्टर ने धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान में गैप सत्यापन की रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए कहा कि आधार विहीन हितग्राहियों की सूची कॉमन सर्विस सेंटर को भेजने, जनपद बिजावर को 14 ग्रामों में कैम्प आयोजित करने, पात्रता पर्ची एवं जाति प्रमाण पत्र की बनाने एवं किसान सम्मान निधि की सूची एसएलआर को भेजने के लिए निर्देशित किया। साथ ही आदिम जाति कल्याण विभाग से संचालित छात्रावासों का निरीक्षण करते हुए एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ को चेक लिस्ट प्रदान करने के लिए निर्देश दिए। साथ ही टीबी अभियान में हर टेस्ट जिसमें कहां कहां कितने सैंपल लिए की रिपोर्ट प्रतिदिन भेजने के लिए निर्देशित किया और कहा कि इसका प्रचार प्रसार भी कराएं।

### नवीकरणीय ऊर्जा विभाग एवं श्रम अधिकारी को एससीएन जारी

कलेक्टर श्री जैसवाल ने सीएम हैल्पलाईन की समीक्षा करते हुए नवम्बर माह की नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग की 8 शिकायतें बन्द न होने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के एडीएम को निर्देश दिए। साथ ही खराब ग्रडिंग वाले विभागों को ए ग्रेड में आने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने 50 दिवस से अधिक की लंबित शिकायतों में संबंधित विभागों को निराकरण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने श्रम विभाग के तहत 133 सिंगल क्लिक के माध्यम से शिकायतकर्ताओं के भुगतान के पश्चात् भी शिकायतें बन्द न होने पर श्रम निरीक्षक की एक वेतनवृद्धि रोकने संबंधी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व महाअभियान 3.0 में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरुस्ती, नक्शा तरमीम, आरओआर लिंकिंग, फॉर्मर रजिस्ट्री, पीएम किसान आधार सीडिंग, स्वामित्व योजना के कार्यों में 15 दिसम्बर तक पूर्ण कराए जाने के लिए निर्देशित किया।

### अवैध रेत भण्डारण, परिवहन और उत्खनन पर कार्यवाही के निर्देश

टीएल बैठक के पश्चात् कलेक्टर श्री जैसवाल ने खनिज एवं वन विभाग की टास्कफोर्स की बैठक में जिले में स्वीकृत किन्तु असंचालित मुख्य खनिज ब्लॉकों में वन अनुमतियों के लंबित दो प्रकरणों पर चर्चा करते हुए वन अधिकारियों को दोनों प्रकरणों को समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए। साथ ही जिलें में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण की रोकथाम के लिए, वन, राजस्व एवं खनिज विभाग के अधिकारी-कर्मचारी पुलिस विभाग के सहयोग से संयुक्त रूप से रेत की अवैध मंडियों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा चिन्हित क्षेत्रों की निगरानी कर अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर प्राथमिकता से कार्यवाहियां करें।

# ललौनी में मिला अजगर सांप

छतरपुर। जिला मुख्यालय से लगे ग्राम ललौनी में सोमवार को उस वक्त सनसनी फैल गई, जब गांव के एक स्थान पर करीब 10 फिट लंबा और 20 किलोग्राम वजनी अजगर सांप लोगों को दिखाई दिया। जानकारी मिलने के बाद सांपों को पकड़ने में माहिर छतरपुर निवासी आकाश सिंह को मौके पर बुलाया गया था, जिन्होंने सांप का रेस्क्यू कर उसे जंगल में छोड़ दिया है। रेस्क्यू के दौरान उपस्थित लोगों द्वारा बनया गया वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

# ऑटो पार्ट्स के गोदाम में आग लगने से दो चार पहिया वाहन सहित सामग्री जलकर खाक

खजुराहो। सोमवार की सुबह करीब 4 बजे अज्ञात कारणों से नगर में संचालित एक ऑटो पार्टस के गोदाम में आग लग गई, जिससे करीब 3 घंटे की मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की मदद से बुझाया गया।



हालांकि जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक गोदाम के बाहर रखे चार पहिया वाहनों सहित अन्य सामग्री खाक हो गई थी। खजुराहो निवासी शानू अली ने बताया कि सोमवार की सुबह करीब 4 बजे उसे सूचना मिली थी कि उसकी दुकान नूरी ऑटो पार्टस के गोदाम में आग लगी हुई है। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचा और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। कुछ समय में मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। करीब 3 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक गोदाम में रखा सामान और मेंटीनेंस के लिए आई दो कारें जलकर खाक हो गईं। शानू के मुताबिक दोनों कारों को मिलाकर उसे करीब 70 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

# हरपालपुर पुलिस ने पकड़ा अवैध डस्ट से भरा ट्रेक्टर

हरपालपुर। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में थाना पुलिस द्वारा आपराधिक गतिविधियों की सख्त निगरानी की जा रही है, जिसके चलते बीती रात पुलिस ने अवैध डस्ट से भरे एक ट्रेक्टर को पकड़ने की कार्रवाई की है। इसके अलावा थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से दो अन्य अपराधियों को भी पुलिस द्वारा पकड़ा गया है।




थाना प्रभारी पुष्पक शर्मा ने बताया कि नगर की राजपूत कॉलोनी के समीप डस्ट से भरा ट्रैक्टर होने की सूचना उन्हें मिली थी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने ट्रैक्टर को रोककर चालक से दस्तावेज मांगे, जो कि चालक नहीं दिखा सका। इसके बाद ट्रैक्टर को जप्त कर खनिज विभाग को सौंप दिया गया है, आगे की कार्रवाई खनिज विभाग द्वारा की जाएगी। इसके अलावा रविवार की रात थाना क्षेत्र के काकुनपुरा गांव में अवैध छुरा लिए घूम रहे श्रीपत अहिरवार निवासी काकुनपुरा की सूचना मिलने पर उसे तथा गुढौ गांव में शराब का अवैध विक्रय करने वाले जवाहर अहिरवार को भी गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी श्रीपत अहिरवार के विरुद्ध धारा 25(2) आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है, जबकि जवाहर अहिरवार के पास से 22 क्वार्टर अवैध शराब जप्त कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

# नशीली दवाओं का एक और कारोबारी पकड़ा गया

नौगांव। थाना पुलिस द्वारा पिछले दिनों नशीली दवाओं का कारोबार करने वाले दो युवकों को पकड़ा गया था, जिनके द्वारा एक अन्य आरोपी का नाम पुलिस को बताया गया था। पुलिस तभी उसकी तलाश में जुटी हुई थी, जिसके चलते बीते रोज तीसरे आरोपी को भी पुलिस ने पकड़ लिया है। थाना प्रभारी सतीश सिंह ने बताया कि पिछले दिनों नगर के नयागांव रोड पर कृष्ण मोहन त्रिपाठी द्वारा नशीली सामग्री बेचने हेतु ले जाई जा रही थी तभी उसे पकड़ा गया था। पूछताछ में उसने नशीली दवाओं की सप्लाई करने वाले मनोज रिछारिया और कारोबार में लिप्त बद्री प्रसाद गुप्ता का नाम पुलिस को बताया था। कृष्णमोहन और मनोज रिछारियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है, जबकि बद्री प्रसाद गुप्ता की तलाश निरंतर की जा रही थी। बीते रोज बद्री प्रसाद पुत्र अयोध्या प्रसाद गुप्ता उम्र 41 वर्ष निवासी मोहल्ला सिकन्दरपुर राठ जिला हमीरपुर उत्तरप्रदेश को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उल्लेखनीय है कार्रवाई में पुलिस ने कोडीन फास्फेट एंड क्लोरफिनिरामाइन मालेट सीरप की 167 सीसी जप्त की थीं और आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट एवं ड्रग्स कंट्रोल एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया था।




# छात्रा का मोबाइल छीनकर भागा आरोपी गिरफ्तार

छतरपुर। शहर की सिविल लाइन पुलिस ने थाना क्षेत्र से एक छात्रा का मोबाइल छीनकर भागने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने की कार्रवाई की है। थाना प्रभारी निरीक्षक बाल्मीकि चौबे ने बताया कि आरोपी का नाम अरमान खान पिता रमजान खान उम्र 19 साल है, जो कि जिले के बिजावर का रहने वाला है। उसके कब्जे से छात्रा का मोबाइल जप्त कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी अरमान के विरुद्ध मारपीट एवं अवैध हथियार जैसे 3 अपराध पहले से दर्ज हैं। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

**संपादक मंडल**

अजय परिहार सह संपादक 6232531835, दीपक रैकवार सह संपादक, दद्दा ललौनी, प्रकाश कठल जिला ब्यूरोचीफ, कानूनी सलाहकार अरविन्द निरंजन एडवोकेट, विक्रम सिंह प्रबंध संपादक 7898634648

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321